

Welcome

# Ist

# UNIT

# TEST

# COURSE

# START

Student Choice
Date 17/4/2026
Page No.

# "जल ही जीवन है"

# पाठ-1 भाषा, बोली, लिपि एवं व्याकरण

## प्रश्न / उत्तर

प्र०=1 भाषा किसे कहते है?

उ०=1 बोलकर, सुनकर, लिखकर व पढ़कर अपने मन के भावो एवं विचारों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को भाषा कहते है।

---

प्र०=2 व्याकरण से आप क्या समझते हैं?

उ०=2 व्याकरण हमें भाषा के शुद्ध रूप और प्रयोग का ज्ञान कराता है।

---

प्र०=3 भाषा व बोली में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उ०=3 भाषा का वह रूप जो एक सीमित क्षेत्र में बोला जाए उसे बोली कहते है। कई बोलियो तथा उनकी समान बातो से मिलकर भाषा बनती है।

---

Date 14/5/2024
Page No. 14

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) हिंदी भारत की राजभाषा है।

(ख) भाषा के दो रूप हैं। मौखिक और लिखित।

(ग) बोली सीमित क्षेत्र में बोली जाती है।

(घ) देवनागरी हिंदी भाषा की लिपि है।

(ङ) बोलकर अपनी बात कहने को मौखिक भाषा कहा जाता है।

---

सही गलत के निशान लगाइए:-

(क) हिंदी भाषा की लिपि रोमन है। [✗]

(ख) संसार में सभी एक ही भाषा बोलते हैं। [✗]

(ग) ई-मेल भाषा का लिखित रूप है। [✓]

(घ) भाषा के दो प्रकार होते हैं। [✓]

(ङ) कर्नाटक मे पंजाबी भाषा बोली जाती है। [✗]

4. निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए

| | भाषा | लिपि |
|---|---|---|
| (क) | उर्दू | फारसी |
| (ख) | हिंदी | देवनागरी |
| (ग) | अंग्रेजी | रोमन |
| (घ) | मराठी | देवनागरी |
| (ङ) | पंजाबी | गुरुमुखी |
| (च) | | |

18/4

Date 24/4/2026
Page No. 3

"स्वस्थ रहो"

# पाठ - 2 वर्ण विचार

## प्रश्न / उत्तर :-

प्र० =1 स्वर के भेदों के नाम लिखिए।

उ० =1 स्वर के भेद - उच्चारण मे लगने वाले समय के आधार पर स्वर तीन प्रकार के होते है।
1- ह्रस्व स्वर 2- दीर्घ स्वर 3 प्लुत स्वर

---

प्र० =2 दीर्घ स्वर से आप क्या समझते है?

उ० =2 दीर्घ स्वर - जिन स्वरो के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से दोगुना अर्थात् दो मात्राओं का समय लगता है। उन्हे दीर्घ स्वर कहते है। आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, ये सात दीर्घ स्वर है।

Student Choice
Date 25/4/2026
Page No. 9

# रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(क) भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण कहलाती है।

(ख) वर्णों के दो भेद होते हैं। स्वर और व्यंजन

(ग) स्वर बिना किसी अन्य ध्वनि की सहायता से बोले जाते हैं।

(घ) वर्ण को अलग-अलग करके लिखने को वर्ण विच्छेद कहते हैं।

(ङ) व्यंजनों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है।

## 5. दो-दो शब्द लिखिए :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| द्वित्व व्यंजन | – | मक्का | पत्ता |
| संयुक्ताक्षर | – | पत्र | प्रतीक्षा |
| विसर्ग | – | पुनः | क्रमशः |

Student Choice
Date 24/4/26
Page No.

3. निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार और अनुनासिक लगाकर फिर से लिखिए:

हिदी — हिंदी

गगा — गंगा

ससार — संसार

पजा — पंजा

पूछ — पूँछ

ऊचा — ऊँचा

आधी — आँधी

मदिर — मंदिर

25/4